میری خاموشی پر لگے
وہ ٹوٹ گئی
دفعتاً
میری انگلیاں
بلی کے پنجوں جیسی ہوگئیں
یاد نہیں
میں اُس پر جھپٹی یا خود پر
ابھی میں نے آئینہ نہیں دیکھا!!

उसकी आवाज़ की यख़ हवा से
जाने कौन कौन ज़ख़्मी है
मेरी ख़ामोशी
उसकी आवाज़ को जितनी बार छूती
उसका ज़लापा और बढ़ जाता
फिर न किसी सफ़र की धूप
न थकन मसाफ़तों की काम आती
कल वह कुछ ज़्यादा ही हांप रहा था
उसकी यख़ आवाज़ के नश्तर
मेरी ख़ामोशी पर लगे
वह टूट गई
दफ़अतन
मेरी उंगलियां
बिल्ली के पंजों जैसी हो गईं
याद नहीं
मैं उस पर झपटी या ख़ुद पर
अभी मैंने आईना नहीं देखा

○

یہ میں تمہیں دیکھ رہی ہوں
یا...
یہ میرے اردگرد تمہاری پرچھائیاں ہیں
یا...
یہ تم اقرار کی ریت پر میرا نام لکھ رہے ہو
یا...
یہ تم چنار کے سوکھے پتوں سے میرے لیے آگ روشن کر رہے ہو
یا...
یہ تم میری آنکھوں کو خواب دے رہے ہو
یا...
سنو، میں جس روز یا... کے بعد کے خیالوں کو
نظم کرنے کے قابل ہو جاؤں گی
خود کو شاعر سمجھنے لگوں گی!

○

यह मैं तुम्हें देख रही हूं
या.....
यह मेरे इर्द-गिर्द तुम्हारी परछाईयां हैं
या.....
यह तुम इक़रार की रेत पर मेरा नाम लिख रहे हो
या.....
यह तुम चिनार के सूखे पत्तों से मेरे लिए आग रोशन कर रहे हो
या.....
यह तुम मेरी आंखों को ख़्वाब दे रहे हो
या.....
सुनो, मैं जिस रोज़ या...... के बाद के ख़्यालों को
नज़्म करने के क़ाबिल हो जाऊंगी
खुद को शायर समझने लगूंगी

○

وہ ایک شب تھی
کہ آسمان
اپنا مرتبہ بھلا کر
میری زمین پر اُترا تھا
اس نے اپنے سارے تارے
میری زلفوں میں ٹانک دیے تھے
اور میٹھے شبدوں کا
شہد پلا کر
گہری ست رنگی
نیندیں مجھ پر برسائی تھیں
مٹی کتنی گیلی ہو گئی تھی
اجالے کتنے روشن ہو گئے تھے
اور پھر پھیلے اُجالوں میں
تحلیل کیا تھا مجھے اس نے

من بانی—79

○

वह एक शब थी
कि आसमां
अपना मरतबा भुला कर
मेरी ज़मीं पर उतरा था
उसने अपने सारे तारे
मेरी जुलफ़ों में टांक दिए थे
और मीठे शब्दों का
शहद पिलाकर
गहरी सतरंगी
नींदे मुझ पर बरसाई थीं
मिट्टी कितनी गीली हो गई थी
उजाले कितने रोशन हो गए थे
और फिर फैले उजालों में
तहलील किया था मुझे उसने

○

تم نے جو روٹی مجھے کھلائی
وہ میری سوچ اور فیصلہ کرنے کی طاقت
مجھ سے چھین کر، تم نے خریدی تھی
جس چاہت کے چشمے کا پانی
تم مجھے پلا رہے ہو
میرے جسم کی آمادگی سے پھوٹتا ہے
میری تشنہ روح
میری نسوں کو چاٹ رہی ہے
میں سکڑ رہی ہوں
اور تمہاری آرزوؤں کی رگیں
کسی خواب کے نشے کی طرح
پھیل رہی ہیں

من بانی—1

○

तुमने जो रोटी मुझे खिलाई
वह मेरी सोच और फ़ैसला करने की ताक़त
मुझ से छीन कर तुमने ख़रीदी थी
जिस चाहत के चश्मे का पानी
तुम मुझे पिला रहे हो
मेरे जिस्म की आमादगी से फूटता है
मेरी तिशना रूह
मेरी नसों को चाट रही है
मैं सिकुड़ रही हूं
और तुम्हारी आरज़ुओं की रगें
किसी ख़्वाब के नशे की तरह
फैल रही हैं

○

وہ صرف ویسا کرتا
جیسے وہ سوچتا
لیکن رائے
ہر شخص کی ضرور لیتا
مشورہ اپنائیت کی علامت ہے لیکن
مجھے خوف آتا ہے کچھ کہنے سے
اس کے فیصلوں کی تلوار نے
میری سوچ کو زخمی کر دیا ہے
اب میری آنکھوں میں
خواب نہیں اندیشے ہیں!
مجھے خوف آتا ہے کچھ کہنے سے
میں ڈرتی ہوں کوئی میرے لفظوں سے مفہوم
اور میری سوچوں سے خود آگہی
چھین لے گا

○

वह सिर्फ़ वैसा करता
जैसे वह सोचता
लेकिन राय
हर शख़्स की ज़रूर लेता
मश्वरा अपनाइयतो की अलामत है लेकिन
मुझे ख़ौफ़ आता है कुछ कहने से
उसके फ़ैसलों की तलवार ने
मेरी सोच को ज़ख़्मी कर दिया है
अब मेरी आंखों में
ख़्वाब नहीं अंदेशे हैं
मुझे ख़ौफ़ आता है कुछ कहने से
मैं डरती हूं कोई मेरे लफ़्ज़ों से मफ़हूम
और मेरी सोचों से खुदआगही
छीन लेगा

○

وہ لوگوں کو روتا دیکھ کر
ہنس پڑتی ہے
اور جب
اسے ہنسنا ہوتا ہے
کسی کو بھی رلا دیتی ہے
آج اس نے
مجھے رُلا دیا
جب میری آنکھیں
روتے روتے سوج گئیں
تو کہنے لگی
اب میں جی اٹھی ہوں
تازہ ہوگئی ہوں
میں لرز گئی
اللہ تیرے بندے
کیسی کیسی غذا لیتے ہیں
خود کو زندہ رکھنے کے لیے!!

○

वह लोगों को रोता देखकर
हंस पड़ती है
और जब
उसे हंसना होता है
किसी को भी रूला देती है
आज उसने
मुझे रूला दिया
जब मेरी आंखें
रोते-रोते सूज गज गईं
तो कहने लगी
अब मैं जी उठी हूं
ताज़ा हो गई हूं
मैं लरज़ गई
अल्लाह तेरे बंदे
कैसी कैसी गिज़ा लेते हैं
खुद को ज़िंदा रखने के लिए!!

○

میں گھر سے
کسی دوسرے کی نہیں
اپنی تلاش میں نکلی تھی
اور تمہارا
ہر سبق تمہارے بارے میں تھا
تم نے
میری آنکھوں میں
چاندی کے سکوں کا کاجل لگایا
تاکہ

○

मैं घर से
किसी दूसरे की नहीं
अपनी तलाश में निकली थी
और तुम्हारा
हर सबक़ तुम्हारे बारे में था
तुमने
मेरी आंखों में
चांदी के सिक्कों को काजल लगाया
ताकि

میں دیکھ نہ سکوں
آسمان کو چھوتے ہوئے
لامحدود راستوں کو
تم نے اپنے وجود کی
ساری کڑواہٹوں کو نچوڑ کے
میرا گلاس بھر دیا
اور اُس کڑوے رس کو پی کے
میں
نہ صرف اُڑنے کی چاہت
بلکہ اپنی ذات بھی بھول گئی
لیکن اب
جو میری فیصلہ کرنے کی صلاحیت
مجھ سے چھین رہے ہو
یہ جو
جلتے پتوں کے دھوئیں سے
مجھے ڈھک رہے ہو
دیکھو
تمہارا کمرہ
مجھ پر اختیار کی
مصنوعی روشنی میں چمک رہا ہے
اور میرے ذہن کی روشنی
بجھ رہی ہے

मैं देख न सकूं
आसमान को छूते हुए
लामहदूद रास्तों को
तुमने अपने वजूद की
सारी कड़वाहटों को निचोड़ के
मेरा गिलास भर दिया
और उस कड़वे रस को पी कर
मैं
न सिर्फ़ उड़ने की चाहत
बल्कि अपनी ज़ात भी भूल गई
लेकिन अब
जो मेरी फ़ैसला करने की सलाहियत
मुझ से छीन रहे हो
यह जो
जलते पत्तों के धुएं से
मुझे ढक रहे हो
देखो तुम्हारा कमरा
मुझ पर इख़तियार की
मसनूई रोशनी में चमक रहा है
और मेरे ज़ेहन की रोशनी
बुझ रही है

○

برآمدے میں
دھوپ سینکتے ہوئے
میں تمہیں سوچتی ہوں
میرا بدن
سورج کی کرنوں کو چھوتا ہوا
تمہارے ساتھ گزرے ہر پل کو
مہکا رہا ہے
قوسِ قزح کے ڈھیروں رنگ بکھیر رہا ہے
میں چاہتے ہوئے بھی
اپنا زاویہ نہیں بدلتی
کہ میری کوئی جنبش
قوس قزح کے رنگوں کو
بے رنگ نہ کر دے
برآمدے کی چھت کے سائے میں
ایک گھونسلے کو ابابیل
اپنی چونچ سے لیپ رہی ہے
ہر تنکے کو کیچڑ میں ڈبو ڈبو کے
گھونسلے میں بن رہی ہے
مجھے ایسا محسوس ہونے لگا ہے
جیسے میں محفوظ ہو رہی ہوں

○

बरामदे में
धूप सेंकते हुए
मैं तुम्हें सोचती हूं
मेरा बदन
सूरज की किरणों को छूता हुआ
तुम्हारे साथ गुज़रे हर पल को
महका रहा है
क़ौस-ए-क़ज़ह के ढेरों रंग बिखेर रहा है
मैं चाहते हुए भी
अपना ज़ाविया नहीं बदलती
कि मेरी कोई जुंबिश
क़ौस-ए-क़ज़ह के रंगों को
बेरंग न कर दे
बरामदे की छत के साये में
एक घोंसले को अबाबील
अपनी चोंच से लेप रही है
हर तिंके को कीचड़ में डुबो-डुबो के
घोंसले में बुन रही है
मुझे ऐसा महसूस होने लगा है
जैसे मैं महफ़ूज़ हो रही हूं

○

نہیں سوچتی کچھ بھی
میرے سوچنے سے بہت پہلے
تم نے میرے بارے میں
سارے فیصلے کر دیے ہوں گے
میں قادر نہیں تابع ہوں...
پر تم اس بات سے تو غافل نہیں
کہ میری آرزوؤں کا خون ہوا ہے
میری حیات بدنما ہو گئی
دُھند اور کہرا
میرے اندر جم رہا ہے!
اس پر ہول سناٹے میں
ایک اندھی رفاقت کا
اقرار نامہ لکھوانے سے پہلے
میری رگوں میں دوڑتے لہو کے بدلے
ریت اور مٹی بھر دو

○

नहीं सोचती कुछ भी
मेरे सोचने से बहुत पहले
तुमने मेरे बारे में
सारे फ़ैसले कर दिए होंगे
मैं क़ादिर नहीं ताबेअ हूं.....
पर तुम इस बात से तो ग़ाफ़िल नहीं
कि मेरी आरजुओं का ख़ून हुआ है
मेरी हयात बदनुमा हो गई
धुंध और कोहरा
मेरे अंदर जम रहा है!
इस पुरहौल सन्नाटे में
एक अंधी रफ़ाक़त का
इक़रारनामा लिखवाने से पहले
मेरी रगों में दौड़ते लहू के बदले
रेत और मिट्टी भर दो

○

جن گتھیوں میں
الجھ گئی ہوں
تم ان گتھیوں کو
سلجھا دیتے
یہ تمہارے بس میں تھا
میں بیٹی بن جاتی...
کچھ پھول چنتی
گیت گاتی، مسکراتی
کوئی خواب دیکھ لیتی
خوابوں کی اوس میں بھیگتی ہوئی
کسی ساحل پر
ٹھمک ٹھمک کے چلتی...
اب جب کہ
میں کچھ بھی نہیں
بن پائی ہوں
تم مجھے
گتھیوں کو سلجھانا سکھا کر
اور الجھا رہے ہو

○

जिन गुत्थियों में
उलझ गई हूं
तुम उन गुत्थियों को
सुलझा देते
यह तुम्हारे बस में था
मैं बेटी बन जाती
कुछ फूल चुनती
गीत गाती, मुस्कुराती
कोई ख़्वाब देख लेती
ख़्वाबों की ओस में भीगती हुई
किसी साहिल पर
ठुमक-ठुमक के चलती
अब जबकि
मैं कुछ भी नहीं
बन पाई हूं
तुम मुझे
गुत्थियों में सुलझाना सिखा कर
और उलझा रहे हो

○

وہ جب پیدا ہوئی تھی
اس کے کانوں میں
تابع داری کی اذان دلوادی گئی تھی
جب سے اب تک
وہ

○

वह जब पैदा हुई थी
उसके कानों में
ताबेदारी की अज़ान दिलवादी गई थी
जब से अब तक
वह

تابع داری کرتی رہی!
وہ راہ چلتے رک جاتی
جس طرف چلنے کا اشارہ ہوتا
چلتی رہتی
رکنے کو کہا جاتا
رک جاتی!
اس نے جانے انجانے
ان سب منزلوں کو پیچھے چھوڑ دیا
جو اس کا مقام تھیں...
وہ ایسے ہی چلی جا رہی ہے
کبھی کسی نے پکارا بھی تو
وہ پلٹ کے دیکھ لیتی
اور بس...
چلتی رہے یا رُک جائے
چاہتے ہوئے بھی
وہ نہیں سوچتی
اگر وہ سوچتی
تابعداری کا طوق اُتار کر
کھڑکی سے باہر پھینک دیتی

ताबेअदारी करती रही!
वह राह चलते रूक जाती
जिस तरफ़ चलने का इशारा होता
चलती रहती
रूकने को कहा जाता
रूक जाती!
उसने जाने अंजाने
उन सब मंज़िलों को पीछे छोड़ दिया
जो उस का मक़ाम थीं.....
वह ऐसे ही चली जा रही है
कभी किसी ने पुकारा भी तो
वह पलट के देख लेती
और बस......
चलती रहे या रूक जाए
चाहते हुए भी
वह नहीं सोचती
अगर वह सोचती
ताबेअदारी का तौक़ उतार कर
खिड़की से बाहर फेंक देती

○

سچ بولنے کے لیے
جسے اذیت دی جاتی ہے
وہ میں ہوں
اور وہ
جنہوں نے اپنے سوا
کبھی کسی کے بارے میں سوچا بھی نہیں
اپنے بارے میں سوچتے سوچتے
جو چہرہ کھرچتے رہتے ہیں
وہ بھی میرا ہے
کوئی یہ نہیں سوچتا
کہ خوف کی مقدار
بہت زیادہ ہو جانے پر
جان لیوا بھی
ثابت ہوتی ہے...
میں گھر کی دیواروں سے
سارے شیشے اُتار دوں گی
کھرچنے کی تادیب میں
خالی دیواروں پر
ڈوبتی اُبھرتی رہوں گی

○

सच बोलने के लिए
जिसे अज़ीयत दी जाती है
वह मैं हूं
और वह
जिन्होंने अपने सिवा
कभी किसी के बारे में सोचा भी नहीं
अपने बारे में सोचते-सोचते
जो चेहरा ख़ुरचते रहते हैं
वह भी मेरा है
कोई यह नहीं सोचता
कि ख़ौफ़ की मिक़दार
बहुत ज़्यादा हो जाने पर
जान लेवा भी
साबित होती है.....
मैं घर की दीवारों से
सारे शीशे उतार दूंगी
ख़ुरचने की तादीब में
ख़ाली दीवारों पर
डूबती उभरती रहूंगी

نیوز ریڈر

جو میری بات سننے کو
تیار نہیں
وہ
سب کو سنتے ہیں
انہیں یہ نہیں معلوم
جب میں بولتی ہوں
تو
سب سنتے ہیں

न्यूज़ रीडर

वह मेरी बात सुनने को
तैयार नहीं
वह
सब को सुनते हैं
उन्हें यह नहीं मालूम
जब मैं बोलती हूं
तो
सब सुनते हैं

نسبت کی انگوٹھی

تم جو یوں
میرے ہاتھ میں
چمک رہی ہو
مجھے اندر سے بجھا رہی ہو
تمہاری چمک میں چھپی کرنوں کو
میں کیسے چن لوں
میں نے اپنی ساری روشنی
اُسی پل کھو دی تھی
جب تم نے
میرے ہاتھ کی ایک انگلی میں
دمکنے کے لیے
اس میں پہنا چھلّا
اُتار دیا تھا

निस्बत की अंगूठी

तुम जो यूं
मेरे हाथ में
चमक रही हो
मुझे अंदर से बुझा रही हो
तुम्हारी चमक में छुपी किरणों को
मैं कैसे चुन लूं
मैंने अपनी सारी रोशनी
उसी पल खो दी थी
जब तुमने
मेरे हाथ की एक उंगली में
दमकने के लिए
उसमें पहना पीतल
उतार दिया था

○

یہ تم نے
ایک دوسرے کو نہ سمجھنے کی قسم کھا رکھی ہے
یا مجھے
زندگی سے محروم کرنے کی!
یہ جو تم
کتے اور بلی کی طرح
گزار رہے ہو
شفقتوں کے سائے کو
اندھیروں میں بدل رہے ہو
میرے لیے
سورج نے طلوع ہونا چھوڑ دیا
چاندنی ضائع ہو گئی...
سمجھوتے کی طاقت سے محروم تم میں
اور بچے سے محروم بانجھ میں
صرف اتنا فرق ہے
تم نے مجھے پیدا کیا
اور میرے ساتھ اندھیرے کو پیدا کیا
کاش تم
سمجھوتے کی روشنی سے
اندھیرے کو لیپ دیتے!
روشنی ہوتی
تو وہ سب دیکھ لیتے
جسے دیکھنے سے تم کتراتے ہو

* * *

यह तुम ने
एक दूसरे को न समझने की क़सम खा रखी है
या मुझे
ज़िंदगी से महरूम करने की!
यह जो तुम
कुत्ते और बिल्ली की तरह
गुज़ार रहे हो
शफ़क़तों के साये को
अंधेरों में बदल रहे हो
मेरे लिए
सूरज ने तुलूअ होना छोड़ दिया
चांदनी ज़ाया हो गई.....
समझौते की ताक़त से महरूम तुममें
और बच्चे से महरूम बांझ में
सिर्फ़ इतना फ़र्क़ है
तुमने मुझे पैदा किया
और मेरे साथ अंधेरे को पैदा किया
काश तुम
समझौते की रोश्नी से
अंधेरे को लेप देते!
रोश्नी होती
तो वह सब देख लेते
जिसे देखने से तुम कतराते रहे हो

○

میں
جنگل کی الہڑ ہوا کی بیٹی ہوں
راستوں کے تعین سے آزاد
چاندنی پہنے ہوئے
میں بنفشی بادلوں کا ہاتھ
ہاتھ میں لے کر
سال ہا سال سے چلی جا رہی ہوں...
یہ جو رشتوں کے پنجرے میں
تم مجھے قید کرنے جا رہے ہو
میں تو جیسے نیند میں ڈر گئی!
حلق سوکھ رہا ہے
سانس رک سی گئی ہے
سوچتی ہوں
یہ کیا رشتہ ہے
جس کی بنیاد
خوف کی اینٹوں اور
وسوسوں کی ریت سے بلند ہو رہی ہے
ہو سکے تو ان آنکھوں کے لیے
رشتے کی دیوار چنتے ہوئے
ایک دو روزن کھول دینا
ایسا نہ کر سکو تو
میرے ناخن مت کاٹنا کہ
مدافعت کے لیے
ایک ہتھیار تو ضروری ہے

○

मैं
जंगल की अलहड़ हवा की बेटी हूं
रास्तों के तअयून से आज़ाद
चांदनी पहने हुए
मैं बनफ़शी बादलों का हाथ
हाथ में लेकर
सालहा साल से चली जा रही हूं.....
यह जो रिश्तों के पिंजरे में
तुम मुझे क़ैद करने जा रहे हो
मैं तो जैसे नींद में डर गई!
हलक़ सूख रहा है
सांस रूक सी गई है
सोचती हूं
यह क्या रिश्ता है
जिसकी बुनियाद
ख़ौफ़ की ईंटों और
वसवसों की रेत से बुलंद हो रही है
हो सके तो इन आंखों के लिए
रिश्ते की दीवार चुनते हुए
एक दो रोज़न खोल देना
ऐसा न कर सको तो
मेरे नाखुन मत काटना कि
मुदाफ़िअत के लिए
एक हथियार तो ज़रूरी है

○

بہت دیر تک چلتی رہی ہوں
کوئی مہک نہیں میری
کہ تمہارا صحن
معطر ہو!
سارا راستہ، دھوپ
میری خوشبو
اڑاتی رہی...
آبلہ پا
تمہاری دہلیز پر کھڑی سوچتی ہوں
بنا مہک کے
تم مجھے کیسے جانو گے
خوشبو ہی تو میری پہچان تھی

◆

बहुत देर तक चलती रही हूं
कोई महक नहीं मेरी
कि तुम्हारा सेहन
मुअत्तर हो
सारा रास्ता, धूप
मेरी खूश्बू
उड़ाती रही......
आबला पा
तुम्हारी दहलीज़ पर खड़ी सोचती हूं
बिना महक के
तुम मुझे कैसे जानोगे
खूश्बूं ही तो मेरी पहचान थी

○

رفاقت یہ نہیں
کہ رت جگے مجھے دے کے
تم اپنے خواب
دلہن کی طرح سجاتے رہو
اپنے لان میں
خوشبو کے گل بوٹے بوتے رہو
اور مجھے
دیوانگی دیتے رہو
یہ کیسی ہم نشینی ہے؟
حسین شامیں
تم اپنی نگاہوں میں اُتارتے رہو
اور مجھے
جلتی ہوئی یادیں بھیجتے رہو
تم مجھے
اپنا ہم نشین کیوں کہتے ہو؟

◆

रफ़ाक़त ये नहीं
कि रतजगे मुझे दे के
तुम अपने ख़्वाब
दुलहन की तरह सजाते रहो
अपने लॉन में
ख़ूश्बू के गुल-बूटे बोते रहो
और मुझे दीवानागी देते रहो
यह कैसी हमनशीनी है?
हंसी शामें
तुम अपनी निगाहों में उतारते रहो
और मुझे
जलती हुई यादें भेजते रहो
तुम मुझे
अपना हमनशीं क्यों कहते हो?

○

میرے شہر میں
ایسے لوگوں کا کوئی قحط نہیں
جنہیں میری شناخت
اپنی پہچان سے زیادہ عزیز ہے!
تمہارے ہاتھوں میں آ کے
تمہارے شہر میں
میں اپنی پہچان گنوا بھی دوں
لیکن
میری مہک نہیں چھپے گی
میں عطر دانوں سے مانگی ہوئی خوشبو سے نہیں
رفاقت کی دلگداز خوشبو سے معطر ہوں

◆

मेरे शहर में
ऐसा लोगों का कोई क़हत नहीं
जिन्हें मेरी शनाख़्त
अपनी पहचान से ज़्यादा अज़ीज़ है!
तुम्हारे हाथों में आके
तुम्हारे शहर में
मैं अपनी पहचान गंवा भी दूं
लेकिन
मेरी महक नहीं छुपेगी
मैं इतरदानों से मांगी हुई ख़ूश्बू से नहीं
रफ़ाक़त की दिलगुदाज़ ख़ुश्बू से मुअत्तर हूं

◆

وہ پھر بھی لڑتا ہے
حالانکہ میں خاموش رہتی ہوں
میں اسے یہ بھی نہیں بتاتی
کہ میں ان تمام کتابوں کی
شفیق صحبت میں رہی ہوں
جن میں دنیا بھر کے
حسین خیالوں کی روشنی تھی
اور جواب بھی
میری الماریوں میں سجی ہوئی ہیں
میری شہد آشنا زبان
ذائقے کے کسی احتجاج کے بغیر
اہانتوں کے کڑوے گھونٹ پیتی ہے
وہ پھر بھی لڑتا ہے
میں اُسے یہ بھی نہیں بتاتی
میں نے اتنے فاصلے طے کئے ہیں
جتنی سڑکیں
ہزار کنال زمین کی بنتی ہیں
میں اُس سے
کبھی یہ نہیں کہتی
کہ دنیا میں ایسے بھی لوگ ہیں
جن کی چھاؤں
ہزار پیڑوں کی چھاؤں سے گھنی ہے
وہ پھر بھی لڑتا ہے

◆

वह फिर भी लड़ता है
हालांकि मैं ख़ामोश रहती हूं
मैं उसे यह भी नहीं बताती
कि मैं उन तमाम किताबों की
शफ़ीक़ सोहबत में रही हूं
जिनमें दुनिया भर के
हसीं ख़्यालों की रोश्नी थी
और जो अब भी
मेरी अलमारियों में सजी हुई हैं
मेरी शहद आश्ना ज़बान
ज़ायके के किसी एहतिजाज के बग़ैर
इहानतों के कड़वे घूंट पीती है
वह फिर भी लड़ता है
मैं उसे यह भी नहीं बताती
मैंने इतने फ़ासले तय किए हैं
जितनी सड़के
उसके हज़ार कनाल ज़मीन की बनती हैं
मैं उससे कभी यह नहीं कहती
कि दुनिया में ऐसे भी लोग हैं
जिनकी छांव
उसके हज़ार पेड़ों की छांव से घनी है
वह फिर भी लड़ता है

○

میں نے اس سے کبھی بھی
اپنے مسئلوں کا حل نہیں مانگا
جانتی تھی
نہ میں اس کا کوئی خواب ہوں
اور نہ اصول
وہ بال بچوں کے ہوتے ہوئے بھی
اپنے خوابوں
اور اصولوں کے ساتھ ہی رہتا
میرا دروازہ ضرور کھولتا
اور یہ کہہ کر چلا جاتا
"کیوں کاغذ کالے کرتی ہو"
وہ کبھی ٹھہرتا نہیں...

○

मैंने उस से कभी भी
अपने मसलों का हल नहीं मांगा
जानती थी
न मैं उसका कोई ख़्वाब हूं
और न उसूल
वह बाल-बच्चों के होते हुए भी
अपने ख़्वाबों
और उसूलों के साथ ही रहता
मेरा दरवाज़ा ज़रूर खोलता
और यह कह कर चला जाता
"क्यों काग़ज़ काले करती हो"
वह कभी ठहरता नहीं.....

جو میری آواز اُس تک پہنچتی
''خودکشی نہ کر کے
تمہیں بے داغ رکھنے کی خاطر
کاغذوں کو کالا کرتی ہوں''
وہ صرف اس بات کو لازمی سمجھتا
میں کچھ نہ سوچوں
حالانکہ سوچتے ہوئے بھی
میں اُسی کا گھر سجاتی
اُسی کا آنگن سنوارتی!
میرا جرم
میری ''اُداسی'' اور ''خاموشی'' تھا
دونوں کیفیتوں میں وہ مجھے
انسان نہ ہونے کی گالی دے کے
چلا جاتا
وہ کبھی ٹھہرتا نہیں...
جو دیکھ لیتا
''اداسی'' میرے آنگن کی دھوپ ہے
اور ''خاموشی'' میرے لفظوں کا سایہ
اسی دھوپ اور سائے میں
پلی بڑھی ہوں میں
وہ یہ بھی نہیں جانتا
وہ کبھی ٹھہرتا ہی نہیں...

जो मेरी आवाज़ उस तक पहुंचती
“ख़ुदकुशी न करके
तुम्हें बेदाग़ रखने की ख़ातिर
काग़ज़ों को काला करती हूं”
वह सिर्फ़ उस बात को लाज़मी समझता
मैं कुछ न सोचूं
हालांकि सोचते हुए भी
मैं उसी का घर सजाती
उसी का आंगन संवारती!
मेरा जुर्म
मेरी “उदासी” और “ख़ामोशी” था
दोनों कैफ़ियतों में वह मुझे
इंसान न होने की गाली देके
चला जा
वह कभी ठहरता नहीं.....
जो देख लेता
“उदासी” मेरे आंगन की धूप है
और “ख़ामोशी” मेरे लफ़्ज़ों का साया
इसी धूप और साये में
पली-बढ़ी हूं मैं
वह यह भी जानता
वह कभी ठहरता ही नहीं.....

○

تم میرے لیے کوئی سحر آفریں شے نہیں
اور میں تمہارا دیکھا ہوا خواب نہیں...
میں نے کبھی چھاؤں میں
آنکھیں نہیں موندیں
زندگی سے محبت کرنے کے جرم میں
سفر میرے تعاقب میں رہا
اور ماں سے محبت کرنے کے جرم میں
تمہیں مجھ میں قید کر دیا گیا...
میں پنجرہ نہیں
تمہارے لیے دکھ بٹانے والی
رفاقت ہو سکتی ہوں!
تم تو میرا دکھ سمجھ بھی نہیں سکتے
وجودیت پر پی۔ ایچ۔ ڈی کرنے کے بجائے
میں نے گھاس کو
پیروں کو نیچے دبتے ہوئے
کیوں نہیں دیکھا
یا پھر بکری کو
ذبح ہوتے ہوئے
کیوں نہیں دیکھا؟

○

तुम मेरे लिए कोई सहर आफ़रीं शै नहीं
और मैं तुम्हारा देखा हुआ ख़्वाब नहीं.....
मैंने कभी छांव में
आंखें नहीं मूंदी
ज़िंदगी से मोहब्बत करने के जुर्म में
सफ़र मेरे तआक़ुब में रहा
और मां से मोहब्बत करने के जुर्म में
तुम्हें मुझ में क़ैद कर दिया गया.....
मैं पिंजरा नहीं’
तुम्हारे लिए दुख बटाने वाली
रफ़ाक़त हो सकती हूं!
तुम तो मेरा दुख सकझ भी नहीं सकते
वजूदियत पर पी. एच. डी करने के बजाय
मैंने घास को
पैरों के नीचे दबते हुए
क्यों नहीं देखा
या फिर बकरी को
जब़ेह होते हुए
क्यों नहीं देखा?

○

شکستہ، خون آلودہ بدن کے واسطے
میں نے کسی سے خون مانگا
اور کہیں سے جسم کے اعضا کی
پیوندیں لگائیں
اور کہیں سے عارضی سانسیں سمیٹیں
ہر دوا اور ہر دعا اس کے لیے مانگی
"مرے مولا
اسے پھر زندگی دے دے
وہ میرے باپ جیسا ہے
میں اس کی چاہتوں میں
ماں کے جیسا لمس پاتی ہوں
میں اس کی قربتوں میں
بہن بن کر سانس لیتی ہوں
میرے مولا
تو اتنی جانیں گر اک ساتھ لے گا
میں بھی مر جاؤں گی
میں اُس رشتے کی چاہت کے بنا تو
جی نہ پاؤں گی

◆

शिकस्ता ख़ून आलूदा बदन के वास्ते
मैंने किसी से ख़ून मांगा
और कहीं से जिस्म के आज़ा की
पैवंदें लगाईं
और कहीं से आरज़ी सांसे समेटीं
हर दवा और हर दुआ उसके लिए मांगी
"मेरे मौला
इसे फिर ज़िंदगी दे दे
वह मेरे बाप जैसा है
मैं उसकी चाहतों में
मां के जैसा लम्स पाती हूं
मैं उसकी कुरबतों में
बहन बनकर सांस लेती हूं
मेरे मौला
तू इतनी जानें गर एक साथ लेगा
मैं भी मर जाऊंगी
मैं उस रिश्ते की चाहत के बिना तो
जी न पाऊंगी

*

میرے
باپ سے باپ
اور ماں سے ماں مانگنے کے احساس کو
اعتماد میں نہیں
دیوار میں قید کر دیا گیا تھا
اور گیند کی مانند میرا وجود
زندگی کے میدان میں اُچھال دیا گیا تھا
میں ٹپے کھاتی
زمین اور آسمان کے درمیان
ہوا سے پوچھتی ہوں
ہوا میری رہائی کی تاریخ بھول گئی ہے
مجھے اتنا یاد ہے
کہ سارے کرب میری ذات تک محدود ہیں
کھلاڑی آزاد ہیں
بنا ریفری کے
مجھے لیے لیے بھاگ رہے ہیں

○

मेरे
बाप से बाप
और मां से मां मांगने के एहसास को
एतिमाद में नहीं
दीवार में क़ैद कर दिया गया था
और गेंद की मानिंद मेरा वजूद
ज़िंदगी के मौदान में उछाल दिया गया था
मैं टप्पे खाती
ज़मीन और आसमां के दरमियां
हवा से पूछती हूं
हवा मेरी रिहाई की तारीख़ भूल गई है
मुझे इतना याद है
कि सारे कर्ब मेरी ज़ात तक महदूद हैं
खिलाड़ी आज़ाद हैं
बिना रेफ़री के
मुझे लिए-लिए भाग रहे हैं

○

وہ دن بھر پھول بانٹتا تھا
بچے ہوئے کانٹے
اور بچی ہوئی پتیوں کی گھاس
شام کو گھر لے آتا
عجیب شخص تھا
میں اکثر اُس کے ساتھ سفر کرتی
وہ کسی چوراہے پر
مجھے اُتار کر نکل جاتا
میں کس طرف جاؤں
کون سا راستہ کہاں پہنچتا ہے
یہی سوچتے شام ہو جاتی
اُسے سوچتے ہوئے
میں گھر واپس آ جاتی
پتیوں کی گھاس سے خود کو ڈھکتی
کانٹوں پہ لیٹ جاتی
وہ دیکھ کے مسکراتا
عجیب شخص تھا

◆

वह दिन भर फूल बांटता था
बचे हुए कांटे
और बची हुई पत्तियों की घास
शाम को घर ले आता
अजीब शख़्स था
मैं अकसर उसके साथ सफ़र करती
वह किसी चौराहे पर
मुझे उतार कर निकल जाता
मैं किस तरफ़ जाऊं
कौन सा रास्ता कहां पहुंचता है
यही सोचते शाम हो जाती
उसे सोचते हुए
मैं घर वापस आ जाती
पत्तियों की घास से ख़ुद को ढकती
कांटों पर लेट जाती
वह देख के मुस्कुराता
अजीब शख़्स था

○

اگر تم مجھے
کبھی اپنے سے بولنے دیتے
تو زندگی مجھے
اپنی زمینوں سے بے دخل نہ کرتی
اپنوں کی
اپنائیت پر تنسیخ کا درد
بہت گہرا ہوتا ہے
گہرائی میں تیرنے کے کم
ڈوبنے کے زیادہ امکانات ہوتے ہیں
اجنبیت کے سمندر میں
ہم کب تک ڈوبے رہ سکتے ہیں
لاتعلقی کے پانیوں میں
ہم کب تک تیر سکتے ہیں
تم میری آرزو
پوری نہیں کر سکتے، نہ کرو
مگر میرے دل کے اندر
بولنا چھوڑ دو

○

अगर तुम मुझे
कभी अपने से बोलने देते
तो ज़िदंगी मुझे
अपनी ज़मीनों से बेदख़ल न करती
अपनों की
अपनाइयत पर तनसीख़ का दर्द
बहुत गहरा होता है
गहराई में तैरने के कम
डूबने के ज़्यादा इमकानात होते हैं
अजनबियत के समुद्रं में
हम कब तक डूबे रह सकते हैं
लातअल्लुक़ी के पानियों में
हम कब तक तैर सकते हैं
तुम मेरी आरज़ू
पूरी नहीं कर सकते, न करो
मगर मेरे दिल के अंदर
बोलना छोड़ दो

○

ماں سے
دودھ نہیں گود مانگی تھی
باپ سے
دھن نہیں، سایہ مانگا تھا
میں دودھ اور دھن کی بھوکی نہیں
اپنائیت کے قحط میں
سکڑ گئی تھی
میری آنکھیں
بیگانگی کے منظروں سے
بھیگ رہی تھیں
لوگ قبروں پر
جانے کیا مانگ رہے تھے
پھر مجھے سزا کیوں ملی
اپنائیت کے رشتوں سے محروم
اس خرابے میں
اپنی ہی آگ میں
جل جانے کی

○

मां से
दूध नहीं गोद मांगी थी
बाप से
धन नहीं, साया मांगा था
मैं दूध और धन की भूखी नहीं
अपनाइयत के क़हत में
सिकुड़ गई थी
मेरी आंखें
बेगानगी के मन्ज़रों से
भीग रही थीं
लोग क़ब्रों पर
जाने क्या मांग रहे थे
फिर मुझे सज़ा क्यों मिली
अपनाइयत के रिश्तों से महरूम
इस खराबे में
अपनी ही आग में
जल जाने की

○

سچ سے
گھر نہیں بنتے!
میری لکڑی سچ تھی
گھر نہیں، کشتی بنی...
سچ کی کشتی کو کھیتی ہوئی
میری روح
نہ جانے کن کن پانیوں سے گزر رہی ہے
پانی کی شکل مقرر نہیں
مرنے کا وقت مقرر ہوتا ہے
کشتی کو میری روح سے زیادہ
پانی موافق ہے
دیودار کی عمر پانی میں بڑھ جاتی ہے
اور دنیا میں
ڈھونگ نہ رچانے والے کی عمر
گھٹ جاتی ہے
موت کے ساحل پہ اترنے کے لیے
میں سچ کی کشتی میں ڈول رہی ہوں!

○

सच से
घर नहीं बनते!
मेरी लड़की सच थी
घर नहीं कश्ती बनी.....
सच की कश्ती को खेती हुई
मेरी रूह
न जाने किन किन पानियों से गुज़र रही है
पानी की शक्ल मुक़र्रर नहीं
मरने का वक़्त मुक़र्रर होता है
कश्ती को मेरी रूह से ज़्यादा
पानी मवाफ़िक़ है
देवदार की उम्र पानी में बढ़ जाती है
और दुनिया में
ढोंग न रचाने वाले की उम्र
घट जाती है
मौत के साहिल प्रे उतरने के लिए
मैं सच की कश्ती में डोल रही हूं!

○

ساری راتیں
بے خوابی میں گزر گئیں
سارے دن
بے چینی میں گزر گئے
بچا کچھ بھی نہیں
سوائے اُس ریت کے
جو میں نے اپنی
دونوں مٹھیوں میں بھر لی تھی
برف دھیمے دھیمے
پیڑوں اور چھتوں کو ڈھک رہی ہے
اور زمین پر یوں جم رہی ہے

○

सारी रातें
बेख़्वाबी में गुज़र गई
सारे दिन
बेचैनी में गुज़र गए
बचा कुछ भी नहीं
सिवाय उस रेत के
जो मैंने अपनी
दोनों मुट्ठियों में भर ली थी
बर्फ़ धीमे-धीमे
पेड़ों और छतों को ढक रही है
और ज़मीन पर यूं जम रही है

جیسے غم میری روح میں
زمین اپنے محور کے گرد
چکر پورا کر کے
دن اور رات بنائے گی
میں نے اپنے محور کے گرد
۳۰ چکر لگائے
نہ کہیں دن دیکھا نہ رات
دھوپ کی چادر میں
چھت پھر گرم ہوگئی
پیڑ سرسبز ہو جائیں گے
رفاقتوں کی چادر اُدھڑی ہوئی ہے
کوئی اپنا اُس کو سی دیتا
میں اپنی دونوں مٹھیوں میں
یوں ریت بھر کر نہ سوتی
کوئی اپنا
ایسے نایاب ہے
جیسے نمک ۱۹۳۲ء میں تھا
کوئی اپنا
روح کے غم ایسے کاٹتا
جیسے نمک جمی ہوئی برف کاٹتا ہے

जैसे ग़म मेरी रूह में
ज़मीन अपने मेहवर के गिर्द
चक्कर पूरा करके
दिन और रात बनाएगी
मैंने अपने मेहवर के गिर्द
30 चक्कर लगाए
न कहीं दिन देखा न रात
धूप की चादर में
छत फिर गर्म हो गइ।
पेड़ सर सब्ज़ हो जायेंगे
रिफ़ाक़तों की चादर उधड़ी हुई है
कोई अपना उसको सी देता
मैं अपनी दोनों मुट्ठियों में
यूं रेत भर कर न सोती
कोई अपना
ऐसे नायाब है
जैसे नमक 1932 में था
कोई अपना
रूह के ग़म ऐसे काटता
जैसे नमक जमी हुई बर्फ़ काटता है

○

اپنے بے پناہ اختیار سے
وہ دیمک کی طرح
ہر شے کو مٹی میں بدل دیتی
میں نے اس کی بیٹی بہو اور سوتن بن کے دیکھا
اس کے لیے ہر رشتہ
مسہری اور میز جیسا تھا
بہو اور سوتن کے روپ میں
ایک ساتھ جینے کے لیے
میں کولھو کا بیل بھی بنی
میری آنکھوں پہ کھوپے بھی تھے
پر اس نے سمجھوتے کی یہ چادر بھی چاٹ لی
وہ سارا کچھ دیمک کی آنکھ سے دیکھتی
اسے سب کچھ لکڑی نظر آتا
مجھے کتنا ارمان تھا
وہ کبھی اپنی آنکھ کی
ٹھنڈی سچائیوں سے
اپنے اُس اطراف کو دیکھتی
جس میں
میں بھی شامل تھی

○

अपने बेपनाह इख़्तियार से
वह दीमक की तरह
हर शै को मिट्टी में बदल देती
मैंने उसकी बेटी, बहू और सौतन बनके देखा
उसके लिए हर रिश्ता
मिसहरी और मेज़ जैसा था
बहू और सौतन के रूप में
एक साथ जीने के लिए
मैं कोल्हू का बैल भी बनी
मेरी आंखों पर खोपे भी थे
पर उसने समझोते की यह चादर
भी चाट ली
वह सारा कुछ दीमक की आंख से देखती
उसे सब कुछ लकड़ी नज़र आता
मुझे कितना अरमान था
वह कभी अपनी आंख की
ठंडी सच्चाइयों से
अपने उस अतराफ़ को देखती
जिस में
मैं भी शामिल थी

◆

تم جانتے ہو
جب میں سفر کرتی ہوں
موت کے انتظار میں کرتی ہوں
(تمہیں ناخوش نہیں دیکھنا چاہتی)
ہر سفر کی خوشبو کو میں نے
اپنے اندر سمونے نہ دیا
کسی خواب کو آنکھوں میں
رکنے نہیں دیا
جانتے ہو میں کسی باغ میں
انتظار نہیں کر سکتی۔
درختوں کے بیچ
میرے سینے میں ہوا رکنے لگتی ہے
مجھے سفر کرنے دو
زمین کے کسی ٹکڑے پہ
پاؤں جمانے کے لیے نہیں
موت کے انتظار کے لیے
مجھے وہاں تک جانے دو
جہاں چاندنی کے بستر پر
ساعت گذشتہ میں ٹھہری ہوئی
موت
میری راہ دیکھتی ہے

◆

तुम जानते हो
जब मैं सफ़र करती हूं
मौत के इंतेज़ार में करती हूं
(तुम्हें नाखुश नहीं देखना चाहती)
हर सफ़र की खुश्बू को मैंने
अपने अंदर समोने न दिया
किसी ख़्वाब को आंखों में
रूकने नहीं दिया
तुम जानते हो मैं किसी बाग़ में
इंतेज़ार नहीं कर सकती
दरख़्तों के बीच
मेरे सीने में हवा रूकने लगती है
मुझे सफ़र करने दो
ज़मीन के किसी टुकड़े पे
पांव जमाने के लिए नहीं
मौत के इंतेज़ार के लिए
मुझे वहां तक जाने दो
जहां चांदनी के बिस्तर पर
साअत-ए-गुज़िश्ता में ठहरी हुई
मौत
मेरी राह देख रही है

○

لوگ اس کے ‘کذب’ کو
پوج رہے تھے
وہ خراجِ حسن لے رہی تھی
کہ میں نے اس کی دہلیز پر
قدم رکھا
دھوکے جذب کرنے کی صلاحیت
بہت تھی لیکن
جھوٹ کی نوکیلی دھار پر چلنے کا
مجھے کوئی ہنر نہ تھا
میرے قدم لڑکھڑائے
اس نے میری ہتھیلی پر
سرخ ہوتی ہوئی مہندی
مٹا دینے کا حکم دیا
نکاح رب کا حکم ہے
رشتے آسمانوں میں گوندھے جاتے ہیں
اس کی دہلیز پہ قدم رکھنے سے پہلے
یہی کہا گیا تھا
وہ حکم کرتی ہے
رب بس وہی کرتا ہے
جیسا وہ چاہتی ہے
کوئی انوکھا پن نہیں
ایک حقیقت ہے

○

लोग उसके 'किज़्ब' को
पूज रहे थे
वह ख़ेराज-ए-हुस्न ले रही थी
कि मैंने उसकी दहलीज़ पर
क़दम रखा
धोके जज़्ब करने की सलाहियत
बहुत थी लेकिन
झूठ की नोकीली धार पर चलने का
मुझे कोई हुनर न था
मेरे क़दम लड़खड़ाये
उसने मेरी हथेली पर
सुर्ख़ होती हुई मेंहदी
मिटा देने का हुक्म दिया
रिश्ते आसमानों में गूंधे जाते हैं
उसकी दहलीज़ पे क़दम रखने से पहले
यही कहा गया था
वह हुक्म करती है
रब बस वही करता है
जैसा वह चाहती है
कोई अनोखापन नहीं
एक हकीक़त है

○

کل کی کوئی امید ہوتی تو
آج گزر جاتا
آج کے گزرنے میں
کل کا کتنا ہاتھ ہے
ہم اسی اور صرف اسی بہانے زندہ ہیں
اپنی برائی کے جوڑوں کو دھوپ میں پھیلا کے
ہوا دے کے بند رکھنا
یا اندھی کتابوں کی گرد جھاڑ کے
شیلف پہ سجا دینا
زندہ رہنے کے بہانے ہو سکتے ہیں کیا؟
چلو یوں بھی ہو سکتا ہو
اور دن گزر گیا
پھر رات
سارے ٹوٹے پھوٹے عناصر
میرے خرابے میں جمع ہونگے
اور میں
لاحاصلی کی ٹھنڈ سے کپکپاتی ہوئی
بستر میں گھس جاؤں گی
الیکٹرک کمبل میرے تن کو حرارت دے گا

○

कल की कोई उम्मीद होती तो
आज गुज़र जाता.....
आज के गुज़रने में
कल का कितना हाथ है
हम इसी और सिर्फ़ इसी बहाने ज़िंदा हैं
अपनी बुराई के जोड़ों को धूप में फैला के
हवा देके बंद रखना
या अंधी किताबों की गर्द झाड़ के
शैल्फ़ पर सजा देना
ज़िंदा रहने के बहाने हो सकते हैं क्या?
चलो, यूंही हो सकता हो
और दिन गुज़र गया
फिर रात
सारे टूटे फूटे अनासिर
मेरे ख़राबे में जमा होंगे
और मैं
लाहासिली की ठंड से कपकपाती हुई
बिस्तर में घुस जाऊंगी
एलेक्ट्रक कम्बल मेरे तन को हरारत देगा

میرے وجود میں سمائی ہوئی ٹھنڈ کا کیا ہوگا؟
میرا ٹھٹھرا من
کیا وہ اپنا خرابہ کبھی آباد کر سکے گا
یہی سوچتے سوچتے
انتقام کی یاد آئے گی
کسی لمحے کی سپردگی کا حرج
انتقام بھی پورا نہیں کر سکتا
پھر میں انتقام میں نہیں
امید میں جینا چاہتی تھی
پر ناامیدی نے مجھے شکار کر لیا تھا
اور میں نے شادی کی انگوٹھی گروی رکھ دی
میرے بخت میں منحوس ستارے اتنے ہیں
کہ تاوان میں
صرف نیندیں اور خواب ہی نہیں
اپنی آنکھیں بھی دے دیتی ہوں
اور رات کٹ جاتی ہے
مگر یہ آج
ناامیدی کے آنسوؤں میں ڈھل کر
دھبا سا
میرے سارے ولولے نگل کے
معلق میرے سامنے ہے
کس بہانے گزرے گا
کہ کل کی کوئی امید نہیں

मेरे वजूद में समाई हुई ठंड का क्या होगा?
मेरा ठिठुरा मन
क्या वह अपना ख़राबा आबाद कर सकेगा
यही सोचते-सोचते
इंतेक़ाम की याद आयेगी
किसी लम्हे की सुपरदगी का हर्ज
इंतेक़ाम भी पूरा नहीं कर सकता
फिर मैं इंतेक़ाम में नहीं
उम्मीद में जीना चाहती थी
पर नाउम्मीदी न मुझे शिकार कर लिया था
और मैंने शादी की अंगूठी गिरवी रख दी
मेरे बख़्त में मनहूस सितारे इतने हैं
कि तावान में
सिर्फ़ नींदें और ख़्वाब ही नहीं
अपनी सुब्हें भी दे देती हूं
और रात कट जाती है
मगर यह आज
नाउम्मीदी के आंसुओं में घुल कर
धब्बा सा
मेरे सारे वलवले निगल के
मुअल्लक़ मेरे सामने है
किस बहाने गुज़रेगा
कि कल की कोई उम्मीद नहीं

○

ٹوٹے دھاگوں کو جوڑنے پہ
گانٹھ تو پڑتی ہے
نہیں تو
تم بھی اپنے وجود کے ٹوٹے ہوئے دھاگے کا
سرا کھول دو
میں بھی
اپنے وجود کے دھاگے کا آخری سرا
ادھیڑ دیتی ہوں
دونوں سروں کو
ایک دوسرے میں بن دیں
گانٹھ نہیں پڑے گی
ہم دونوں
بنا گانٹھ کا ایک وجود بن جائیں گے

○

टूटे धागों को जोड़ने पे
गांठ तो पड़ती है
नहीं तो
तुम भी अपने वजूद के टूटे हुए धागे का
सिरा खोल दो
मैं भी
अपने वजूद के धागे का आख़िरी सिरा
उधेड़ देती हूं
दोनों सिरों को
एक दूसरे में बुन दें
गांठ नहीं पड़ेगी
हम दोनों
बिना गांठ का एक वजूद बन जायेंगे

○

کیا روشنی تھی
وہاں سب نے
اپنی آنکھیں نکال دی تھیں
اور آنکھوں کی جگہ
جھوٹ کی مٹی سے بنے دیے رکھے تھے
جن میں
مجبوری کے کھیت میں
اُگی سرسوں کا تیل جلتا
وہ میرے نہیں تھے
مگر اپنے جیسے لگتے تھے
میں تابع داری کی شمع جلائے
اُن کے پاس جاتی
وہ اُسے مکاری سے بجھا دیتے
مجھے کولھو میں ڈالتے
یا پھر دھنتے
اُن کے پاس بہت تیل اور بہت روئی رہتی
پھر بھی
ان کے پاس جو بھی جاتا
روئی یا تیل بن جاتا

○

क्या रोशनी थी
वहां सब ने
अपनी आंखें निकाल दी थी
और आंखों की जगह
झूठ की मिट्टी से बने दिये रखे थे
जिन में
मजबूरी के खेत में
उगी सरसों का तेल जलता
वह मेरे नहीं थे
मगर अपने जैसे लगते थे
मैं ताबेदारी की शमा जलाए
उनके पास जाती
वह उसे मक्कारी से बुझा देते
मुझे कोल्हू में डालते
या फिर धुनते
उनके पास बहुत तेल और बहुत रूई रहती
फिर भी
उनके पास जो भी जाता
रूई या तेल बन जाता

○

میں اُس کا کھویا ہوا کل ہوں
اس کی اَنا پرستی نے مجھے
اپنے قدموں سے روندا ہے
سیاست دانوں کا جھوٹ
مہذب ہوتا ہے
وہ اپنی خطاؤں کو تسلیم نہیں کرتے
دوسروں کے خوابوں کا سودا کرتے ہیں
اس کا آج، اس کی زندگی کی دوپہر ہے
اس کی زندگی کی شام اس کا کل ہے
اور وہ میں ہوں

○

मैं उसका खोया हुआ कल हूं
उसकी अना परस्ती ने मुझे
अपने क़दमों से रौंदा है
सियासत दानों का झूठ
मोहज़्ज़ब होता है
वह अपनी ख़ताओं को तसलीम नहीं करते
दूसरों के ख़्वाबों का सौदा करते हैं
उसका आज, उसकी ज़िंदगी की दोपहर है
उसकी ज़िंदगी की शाम उसका कल है
और वह मैं हूं

آج وہ میرے دیکھے ہوئے آخری خواب کو
روندتی ہوئی
آسمانوں میں سرایت کر رہی ہے
کل اس کو مجھ میں ڈوبنا ہے
کل میں اپنائیت کو اُتار پھینکوں گی
جو آج میری روح کا لباس ہے
کیا کل اس کی آمد پر
میں اس کا ہاتھ تھام سکوں گی؟
آج میں اُس کی چوکھٹ پر
سچے جذبوں کے قحط میں پڑی
سکڑ رہی ہوں
لاتعلقی کی تلوار
میرے اندر ٹوٹ کے رہ گئی
اس کو کون سنبھالے گا؟
مجھے اپنے اصل میں شامل نہ ہونے دیا گیا
میں اپنی بازگشت سے بھر گئی ہوں
میں اس کو کل کہاں رکھوں گی؟
دل میں
جو اس کی مکاری کے ہاتھوں
اُجڑ گیا
اگر اُجڑنے کا زہر
میرے سارے جسم میں پھیل گیا
میری سانسوں کو کون سنبھالے گا
وہ کل کہاں جائے گی؟

आज वह मेरे देखे हुए आख़िरी ख़्वाब को
रोंदती हुई
आसमानों में सरायत कर रही है
कल उसको मुझमें डूबना है
कल मैं अपनाइयतों को उतार फेंकूंगी
जो आज मेरी रूह का लिबास है
क्या कल उसकी आमद पर
मैं उसका हाथ थाम सकूंगी?
आज मैं उसकी चौखट पर
सच्चे जज़्बों के क़हत में पड़ी
सिकुड़ रही हूं
लातअल्लुक़ी की तलवार
मेरे अंदर टूट के रह गई
उसको कौन संभालेगा?
मुझे अपने असल में शामिल न होने दिया गया
मैं अपनी बाज़गश्त से भर गई हूं
मैं उसको कल कहां रखूंगी?
दिल में
जो उसकी मक्कारी के हाथों
उजड़ गया है
अगर उजड़ने का ज़हर
मेरे सारे जिस्म में फैल गया
मेरी सांसों को कौन संभालेगा
वह कल कहां [illegible]

○

تمہاری رضا کو لوگ
میری خطا کہتے ہیں
میرے ہاتھوں سے وہ پوشاک
چھین لی گئی
جو میں پہننے والی تھی
اور پہنی ہوئی پوشاک
میں اُتار چکی تھی
میرے سارے آنے والے موسم
منسوخ کر دیے گئے تھے
میں نے کوئی احتجاج نہیں کیا
اپنا سر تسلیم خم کر دیا تھا
مجھے اتنی ایذا دی گئی
کہ ارمانوں کا ریشم کاتنا
اب میری برداشت سے باہر ہے
اور پھر موسم منسوخ نہ ہوتے
پھول ریشم بٹورتے
میری عریانی ڈھک جاتی
تمہاری تابع داری میں
میں نے اپنی مٹھی کبھی کھول کر نہیں دیکھی
کون اپنے خواب کا
ایک ٹکڑا کاٹ کر
میری عریانی ڈھانپ دے گا

○

तुम्हारी रज़ा को लोग
मेरी ख़ता कहते हैं
मेरे हाथों से वह पोशाक
छीन ली गई
जो मैं पहनने वाली थी
और पहनी हुई पोशाक
मैं उतार चुकी थी
मेरे सारे आने वाले मौसम
मंसूख़ कर दिए गए थे
मैंने कोई एहतिजाज नहीं किया
अपना सरे तस्लीम ख़म कर दिया था
मुझे इतनी ईज़ा दी गई
कि अरमानों का रेशम कातना
अब मेरी बरदाश्त से बाहर है
और फिर मौसम मंसूख़ न होते
फूल रेशम बटोरते
मेरी उरयानी ढक जाती
तुम्हारी ताबेदारी में
मैंने अपनी मुट्ठी कभी खोलकर नहीं देखी
कौन अपने ख़्वाब का
एक टुकड़ा काट कर
मेरी उरयानी ढांप देगा
लाओ मैं अपने हाथ की लकीरें मिटा दूं

◆

اپنے من کو مار دینا
میرا معمول تھا
کسی مجبور کی تاک میں نہ رہنا بھی
میرا معمول تھا
لیکن ان سب کا یہ معمول نہ تھا
جن کے چہروں کی رونقوں میں
میں رہتی تھی
انہوں نے بہت سوں کی مجبوری سے
تنکے چنے تھے
اور میری مسرتوں کی اوس میں
تنکے کو جھٹک جھٹک کر

○

अपने मन को मार देना
मेरा मामूल था
किसी मजबूर की ताक में न रहना भी
मेरा मामूल था
लेकिन उन सब का यह मामूल न था
जिनके चेह़रों की रोनक़ों में
मैं रहती थी
उन्होंने बहुत सों की मजबूरी से
तिनके चुने थे
और मेरी मुसर्रतों की ओस में
हर तिनके को भिगो-भिगो कर

اپنے گھونسلے بنے تھے
وہ میرے معمول سے پریشان نہیں تھے
لیکن جب بھی میں کسی درخت کی اور دیکھتی
پریشانی سے وہ بے حال ہو جاتے
حالانکہ میں نے کبھی بھی کسی درخت میں
جگہ نہیں ڈھونڈی
اور نہ کہیں سے کبھی کوئی تنکا چنا
میری خوشی
جو اُن کی کچھ بھی نہیں لگتی
بہت پہلے گم ہو گئی تھی
میں جانتی ہوں
اور میں یہ بھی جانتی ہوں
کہ تمام نصیحتیں جو وہ مجھے کرتے رہے تھے
خود کو غیر محفوظ سمجھ کر کرتے رہے تھے
وہ یہ نہیں جانتے
کہ وہ محفوظ ہیں!
اپنے من کو مارنا تو
میرا معمول ہے
اور کسی مجبور کی تاک میں
نہ رہنا بھی میرا معمول ہے

अपने घोंसले बुने थे
वह मेरे मामूल से परेशान नहीं थे
लेकिन जब भी मैं किसी दरख़्त की ओर देखती
परेशानी से वह बेहाल हो जाते
हालांकि मैंने कभी भी किसी दरख़्त में
जगह नहीं ढूंढी
और न कहीं से भी कोई तिनका चुना
मेरी ख़ुशी
जो उनकी कुछ भी नहीं लगती
बहुत पहले गुम हो गई थी
मैं जानती हूं
और मैं यह भी जानती हूं
कि तमाम नसीहतें जो वह मुझे करते रहे थे
ख़ुद को ग़ैर महफ़ूज़ समझ कर करते रहे थे
वह यह नहीं जानते
कि वह महफ़ूज़ हैं!
अपने मन को मारना तो
मेरा मामूल है
और किसी मजबूर की ताक में
न रहना भी मेरा मामूल है

○

زندگی کی سگریٹ
تمہارے ساتھ پینے کی خاطر
میں نے اپنے سوچنے کی صلاحیت
تمہارے نام کردی تھی
اور وہ تمام کھوٹے
تمہارے کمرے میں سجادیے تھے
جنہیں تم نے عمر بھر
شکار کیا تھا
میں اپنی ساری خوشبوئیں
خرچ کر کے
تمہارا پورا درد خرید رہی تھی
لیکن، تم نے آنکھوں

○

ज़िंदगी की सिग्रेट
तुम्हारे साथ पीने के लिए
मैंने अपने सोचने की सलाहियत
तुम्हारे नाम कर दी थी
और वह तमाम मुखौटे
तुम्हारे कमरे में सजा दिए थे
जिन्हें तुमने उम्र भर
शिकार किया था
मैं अपनी सारी खुश्बूऐं
ख़र्च करके
तुम्हारा पूरा दर्द ख़रीद रही हूं
लेकिन तुमने आंखों पर ही नहीं

دماغ پر بھی پٹی باندھ رکھی تھی
سڑک حادثے کے بعد
میرا پلستر چڑھتے سے
جو تم نے ایک لمحے کو
اپنی آنکھوں کی پٹی کھول دی تھی
تمہارا سر جھک گیا تھا!
مجھے معلوم تھا میں تمہیں کھودوں گی
جو کھو جاتا ہے
اس کے کھونے کا افسوس گانٹھ بن جاتا ہے
میں اگرچہ ہل نہیں سکتی تھی
سوچنے سے محروم نہیں تھی
اور دنیا سوچنے سے عبارت ہے
میری آنکھیں سوج گئی تھیں، بند نہیں تھیں
اور کانوں میں وہ سب آوازیں آ رہی تھیں
جب تم میرے حافظے کے مفلوج ہو جانے کا اعلان کر رہے تھے
میں دیکھ رہی تھی
لوگ تمہاری طرف متوجہ ہوئے تھے
لیکن تمہارے دماغ پہ لگائی ہوئی پٹی
سب کو نظر آ گئی تھی
تم جان لو کہ دنیا سوچنے سے عبارت ہے
اب زندگی کی سگریٹ صرف میں پیوں گی
اور تم سگریٹ کی راکھ کی طرح
میری انگلیوں سے جھڑتے رہو گے

दिमाग़ पर भी पट्टी बांध रखी थी
सड़क हादसे के बाद
मेरा पलस्तर चढ़ते समय
जो तुमने एक लम्हे को
अपनी आंखों की पट्टी खोल दी थी
तुम्हारा सर झुक गया था!
मुझे मालूम था कि मैं तुम्हें खो दूंगी
जो खो जाता है
उसके खोने का अफ़सोस गांठ बन जाता है
मैं अगरचे हिल नहीं सकती थी
सोचने से महरूम नहीं थी
और दुनिया सोचने से इबारत है
मेरी आंखें सूज गई थीं, बंद नहीं थीं
और कानों मं वह सब आवाज़ें आ रही थीं
जब तुम मेरे हाफ़िज़े के मफ़लूज हो जाने का एलान कर रहे थे
मैं देख रही थी
लोग तुम्हारी तरफ़ मुतवज्जेह हुए थे
लेकिन तुम्हारे दिमाग़ पर लगी हुई पट्टी
सबको नज़र आ गई थी
तुम जान लो कि दुनिया सोचने से इबारत है
अब ज़िंदगी का सिग्रेट सिर्फ़ मैं पियूंगी
और तुम सिग्रेट की राख की तरह
मेरी उंगलियों से झड़ते रहोगे

○

گاندھی پیس فاؤنڈیشن کے
اونچی چھت والے کمرے میں پڑی
سوچ رہی تھی
میں کل عید کیسے مناؤں گی؟
کہ زمین پھٹ گئی
بھونچال اتنا تیز تھا
میں بیڈ سے گر کر فرش پہ آئی
بالکل ویسے ہی
جیسے پچھلی چاند رات کو تم نے
میرے ہاتھوں میں
چوڑیاں چڑھاتے ہوئے
مجھے فرش پہ گرایا تھا
پھر عید کے دن بھی تم نے جھوٹ بولا تھا
اور تمہارے جھوٹ بولنے پر
سچ کی زبان ذبح کر کے
میں نے جو قربانی دی تھی
کیا عید منانے کے لیے کافی نہیں
یہی سوچتے ہوئے
اونچی چھت والے کمرے میں
چاند رات گزر گئی

○

गांधी पीस फाउंडेशन के
ऊंची छत वाले कमरे में पड़ी
सोच रही थी
मैं कल ईद कैसे मनाऊंगी?
कि ज़मीन फट गई
भूंचाल इतना तेज़ था
मैं बेड से गिर कर फ़र्श पर आई
बिलकुल वैसे ही
जैसे पिछली चांद रात को तुमने
मेरे हाथों में
चूड़ियां चढ़ाते हुए
मुझे फ़र्श पर गिराया था
फिर ईद के दिन भी तुमने झूठ बोला था
और तुम्हारे झूठ बोलने पर
सच की ज़बान ज़बह करके
मैंने जो कुरबानी दी थी
क्या ईद मनाने के लिए काफ़ी नहीं
यही सोचते हुए
ऊंची छत वाले कमरे में
चांद रात गुज़र गई

○

میں رُکی ہوئی ہوں
تم بھاگ رہے ہو
یہ منظر بہت ہے
عمر بھر حیران کرنے کو
میں اپنی اور تمہاری عمروں کا
ربط نبھانا چاہتی تھی
تم تیز رو پانی کی طرح بہہ گئے
تم میں کھڑے ہونے میں
مجھے زیادہ وقت نہیں لگا تھا
میری سانسیں جلدی اکھڑ گئی تھیں
بہت دور تک
میں تمہارے ساتھ بہتی رہی ہوں
مجھے ساحل پہ کیوں پھینک رہے ہو
میں تمہارا جھاگ نہیں
جو تھک ہار کر ریت پہ سو جاؤں

○

मैं रूकी हुई हूं
तुम भाग रहे हो
यह मंज़र बहुत है
उम्र भर हैरान करन को
मैं अपनी और तुम्हारी उम्रों का
रब्त निभाना चाहती थी
तुम तेज़ रौ पानी की तरह बह गए
तुम में खड़े होने में
मुझे ज़्यादा वक़्त नहीं लगा था
मेरी सांसें जल्दी उखड़ गई थीं
बहुत दूर तक
मैं तुम्हारे साथ बहती रही हूं
मुझे साहिल पर क्यों फेंक रहे हो
मैं तुम्हारा झाग नहीं
जो थक हार कर रेत पर सो जाऊं

◆

وہ شام
اوندھی پڑی رو رہی ہے
جس نے دل کی گرہ کھول کر
تمہارے سینے پہ
سر رکھا تھا...
تم نے اپنی زبان سے
ساری آوازیں اُتار دی تھیں
اور اپنے سینے میں
اس کو پناہ دی تھی...
اس سے پہلے کہ وہ شام
روتے روتے بکھر جائے
ایک بار پھر
اس شام کو
اپنی چراغ جیسی آنکھوں سے تھام لو
یا پھر
اپنے لبوں کی خاموشی میں سلا لو

○

वह शाम
औंधी पड़ी रो रही है
जिसने दिल की गिरह खोलकर
तुम्हारे सीने पे
सर रखा था.....
तुमने अपनी ज़बान से
सारी आवाज़ें उतार दी थीं
और अपने सीने में
उसको पनाह दी थी.....
इससे पहले कि वह शाम
रोते-रोते बिखर जाए
एक बार फिर
इस शाम को
अपनी चिराग़ जैसी आंखों से थाम लो
या फिर
अपने लबों की ख़ामोशी में सुला लो

◆

منافق لوگوں کے درمیان
میں سچی بات کہتی رہی
تو مجھے شہر چھوڑنا پڑا
بھاگتے بھاگتے ہانپ گئی
اور پیڑ کے نیچے
بس آنکھیں موند لیں کہ پیڑ نے
چھاؤں میں رکنے سے منع کیا
لیکن میری ساری جیبوں کو
چھاؤں سے بھر دیا...
میں اکثر
چھاؤں سے بھری جیبوں کو خالی کر کے
دھوپ کی گرد پونچھ دیتی ہوں

پر
پیڑ سخی تھا
گروی تھا
اس خیال سے ایسے بھر جاتی ہوں
جیسے گرجا گھر
خاموشی سے

○

मुनाफ़िक लोगों के दर्मियां
मैं सच्ची बात कहती रही
तो मुझे शहर छोड़ना पड़ा
भागते भागते हांप गई
और पेड़ के नीचे
बस आंखें मूंद लीं कि पेड़ ने
छांव में रूकने से मना किया
लेकिन मेरी सारी जेबों को
छांव से भर दिया
मैं अक्सर
छांव से भी जेबों को ख़ाली करके
धूप की गर्द पोंछ देती हूं
पर
पेड़ सख़ी था
गिरवी था
इस ख़्याल से ऐसे भर जाती हूं
जैसे गिरजा घर
ख़ामोशी से

○

اطلسی، کمخواب
مہذب، جھمکے، کنگن، گجرا
سبھی رُلا دیے تھے
جب جھوٹ کی قینچی سے
تم سچ کا ریشم کتر رہے تھے
میں بھی منڈپ میں بیٹھے
سب کچھ دیکھ رہی تھی
لیکن اپنا من
تمہاری ہتھیلی پہ رکھتے سے
بہت سالوہا
میں نے اپنے سینے میں رکھ دیا تھا
میں نے اپنے ہاتھ کی لکیروں کو بھی تو اُتار کر
تمہیں دے دیا تھا
اپنی سانسوں کو بھی تو کھول کر
تمہیں اوڑھا دیا تھا
اور پھر میں نے
تمہاری روح کو پناہ دی تھی
کتنے دھنوان تھے تم...
جھوٹ کی قینچی کیوں نہیں بھولے؟
تم فرہاد کیوں نہیں تھے فرہاد؟

○

अतलसी, कमख़्वाब
मेंहदी, झुमके, कंगन, गजरा
सभी रूला दिए थे
जब झूठ की कैंची से
तुम सच का रेशम कुतर रहे थे
मैं भी मंडप में बैठे
सब कुछ देख रही थी
लेकिन अपना मन
तुम्हारी हथेली पर रखते समय
बहुत सा लोहा
मैने अपने सीने में रख दिया था
मैंने अपने हाथ की लकीरों को भी तो उतार कर
तुम्हें दे दिया था
अपनी सांसों को भी तो खोलकर
तुम्हें ओढ़ा दिया था
और फिर मैंने
तुम्हारी रूह को पनाह दी थी
कितने धनवान थे तुम.....
झूठ की कैंची क्यों नहीं भूले?
तुम फ़रहाद क्यों नहीं थे फ़रहाद?

○

مجھے خواب دیکھنے کی
اجازت نہیں ہے
اور زندگی کرنے کی
اجازت ہے
اس دھوکے میں
میں بھٹک رہی ہوں
جلنے اور بجھنے کے درمیان
سانسیں لے رہی ہوں
زندگی میرا چہرہ تکتی ہے
جیسے وہ یہ جانتی ہی نہیں
کہ اس میں سمانے کے لیے
خواب دیکھنا اتنا ہی ضروری ہے
جتنا دیے کے جلنے کے لیے تیل کا

○

मुझे ख़्वाब देखने की
इजाज़त नहीं है
और ज़िंदगी करने की
इजाज़त है
इस धोके में
मैं भभक रही हूं
जलने और बुझने के दर्मियां
सांसें ले रही हूं
ज़िंदगी मेरा चेहरा तकती है
जैसे वह यह जानती ही नहीं
कि उसमें समाने के लिए
ख़्वाब देखना इतना ही ज़रूरी है
जितना दिये के जलने के लिए तेल का

○

ہنسنا میرے دسترس میں نہیں
رونے تو دو مجھے
میرے آنسوؤں میں
میرے دل کا خالی پن گونجتا ہے
میں اپنے آنسوؤں سے
اپنے سوکھے ہونٹوں کو
بھگوتی ہوں
اور اپنی گمشدگی کے
اسرار میں گم
آنسوؤں میں چھپتی ہوں
کبھی میں اُمید کے بکھرے گھروندوں کو
آنسوؤں میں سمیٹتی ہوں
خوف کے گھنگھرو کی چھن چھن بھی
میرے آنسوؤں میں بہتی ہے
میں اپنی توہین آرزو
اور توہین عزت بھی
آنسوؤں سے دھوتی ہوں
میں کسی کندھے پر نہیں
سوکھی ٹہنیوں پر
شبنم گراتی ہوں
میں روتی ہوں

* * *

हंसना मेरे दसतरस में नहीं
रोने तो दो मुझे
मेरे आंसुओं में
मेरे दिल का ख़ालीपन गूंजता है
मैं अपने आंसुओं से
अपने सूखे होटों को
भिगोती हूं
और अपनी गुमशुदगी के
असरार में गुम
आंसुओं में छुपती हूं
कभी मैं उम्मीद के बिखरे घरौंदों को
आंसुओं में समेटती हूं
ख़ौफ़ के घुंघरू की छन छन भी
मेरे आंसुओं में बहती है
मैं अपनी तौहीन-ए-आरज़ू
और तौहीन-ए-इज़्ज़त भी
आंसुओं से धोती हूं
मैं किसी कंधे पर नहीं
सूखी टेहनियों पर
शबनम गिराती हूं
मैं रोती हूं

○

میرے دکھوں کی گونج
تمہاری آواز سے سریلی ہے
تمہاری گویائی اب لوٹی ہے
جب من کے ساز سجائے تھے میں نے
کہ تم بولو تو دھن بن جائے
زندگی ایک گیت بن جائے
تم تغافل میں پڑے رہے
تمہاری آواز کی آرزو میں
میں نے ابھی تک
اپنے سفر کا آغاز نہیں کیا
لیکن بے شمار دکھ
میری جان سے گزرتے رہے
رقص کرتے رہے!
اور وہ درد بھی جو میری ہمشیرہ نے
ذبح ہوتے ہوئے
میری آنکھوں میں رکھ دیا تھا
جب سے
دُکھ جی رہی ہوں
میں تمہارے منصوبے کیا
خواب بھی نہیں جی سکتی

* * *

मेरे दुखों की गूंज
तुम्हारी आवाज़ से सुरीली है
तुम्हारी गोयाई अब लौटी है
जब मन के साज़ सजाये थे मैंने
कि तुम बोलो तो धुन बन जाये
ज़िंदगी एक गीत बन जाये
तुम तग़ाफ़ुल में पड़े रहे
तुम्हारी आवाज़ की आरज़ू में
मैंने अभी तक
अपने सफ़र का आग़ाज़ नहीं किया
लेकिन बेशुमार दुख
मेरी जान से गुज़रते रहे
रक़्स करते रहे!
और वह दर्द भी
जो मेरी हमशीरा ने
ज़बह होते हुए
मेरी आंखों में रख दिया था
जब से
दुख जी रही हूं
मैं तुम्हारे मंसूबे क्या
ख़्वाब भी नहीं जी सकती

○

کتنی بار اُکھاڑو گے اس کو
کہیں تو جڑوں کو نمو لینے دیتے
بار بار اکھڑنے کے درد سے
وہ زمین میں
پھیل نہیں سکڑ رہے ہیں
اور تم پتے گن رہے ہو
ذرا سا ٹھہر جاتے
وہ پیڑ اپنے پھولوں سے
ساری فضا معطر کرتا
اور تم
اس کے سائے میں
ٹیک لگاتے
یوں ہانپ نہیں رہے ہوتے
اس کو اکھاڑ اکھاڑ کے

○

कितनी बार उखाड़ दोगे उसको
कहीं तो जड़ों को नमू लेने देते
बार-बार उखड़ने के दर्द से
वह ज़मीन में
फैल नहीं सिकुड़ रहे हैं
और तुम पत्ते गन रहे हो
ज़रा सा ठहर जाते
वह पेड़ अपने फूलों से
सारी फ़िज़ा मुअत्तर करता
और तुम
उसके साये में
टेक लगाते
यूं हांप नहीं रहे होते
उसको उखाड़-उखाड़ के

○

مجھے زندگی جینے کی ممانعت ہے
زندگی سے جھوجھنے کی مجھے

اجازت ہے
میں بار بار کوشش کرتی ہوں
جینے کی ممانعت کے باوجود جینے کی
ان کی چالاک چال کے سامنے
میری کوشش کتنی بے کار ہے

○

मुझे ज़िंदगी जीने की मुमानिअत है
ज़िंदगी से जूझने की मुझे
इजाज़त है
मैं बार-बार कोशिश करती हूं
जीने की मुमानिअत के बावजूद जीने की
उनकी चालाक चाल के सामने
मेरी कोशिश कितनी बेकार है

◆

میں بچپن میں
دو قلم ایک ساتھ مانگتی تھی
میرے دادا خوش ہو جاتے
اور میری ماں بھی مسکراتی
پاپا، نانا بننے سے پہلے
بچوں کے کھیل میں دلچسپی نہیں لیتے
میں دو دو ہاتھوں سے لکیریں کھینچتی
ایک دن میرے ہاتھوں

○

मैं बचपन में
दो क़लम एक साथ मांगती थी
मेरे दादा खुश हो जाते
और मेरी मां भी मुस्कुराती
पापा नाना बनने से पहले
बच्चों के खेल में दिलचस्पी नहीं लेते
मैं दो-दो हाथों से लकीरें खींचती
एक दिन मेरे हाथों

عورت بن گئی
جس کے ہاتھ پیر ہی نہیں
دل اور دماغ بھی دکھ رہے تھے
پھر اس کی تہذیب کرنے میں
میری چھتیس راتیں گزر گئیں
سینتیسویں رات
پاپا میرے کھیل میں شریک ہوئے
مڑے تڑے کاغذ جیسے
اس عورت کو
اپنی جیب میں ٹھونس لیا
میں ملال میں
اپنے دونوں قلم توڑ بیٹھی
اب عورت نہیں
پھول بناؤں گی
کاغذی پھول
جنہیں نہ کہیں مٹی کی ضرورت
نہ ہوا، روشنی اور پانی کی محتاجی ہو
پھر جو جہاں چاہے
اُنہیں رکھ دے
یا سجا دے

औरत बन गई
जिसके हाथ पैर ही नहीं
दिल और दिमाग़ भी दिख रहे थे
फिर उसकी तहज़ीब करने में
मेरी छत्तीस रातें गुज़र गईं
सैंतीसवीं रात
पापा मेरे खेल में शरीक हुए
मुड़े-तुड़े काग़ज़ जैसे
उस औरत को
अपनी जेब में ठोंस लिया
मैं मलाल में
अपने दोनों क़लम तौड़ बैठी
अब औरत नहीं
फूल बनाऊंगी
काग़ज़ी फूल
जिन्हें न कहीं मिट्टी की ज़रूरत
न हवा, रोशनी और पानी की मोहताजी हो
फिर जो जहां चाहे
उन्हें रख दे
या सजा दे

○

رات تک کھد جائے گی
قبر میری
خواب کب لکھوں گی؟
سانس کب لوں گی؟
کس سے پوچھوں!
خواب تک میں
میرا کوئی نہیں ہوگا
جو مجھے بتا دے...

○

रात तक खुद जायेगी
कब्र मेरी
ख़्वाब कब लिखूंगी?
सांस कब लूंगी?
किस से पूछूं
ख़्वाब तक में!
मेरा कोई नहीं होगा
जो मुझे बता दे......

مردے اپنی قبر کی زمین بھی نہیں دیکھتے
دیکھی تھی میں نے زندگی
اٹلس میں سمندر جیسی
جو اس قدر نیلا تھا
جیسا بعد میں کبھی نہیں دیکھا
لیکن یہ سب سوچنے کی مہلت نہیں
سوچوں تو ایک بار پھر
زندگی بسر کرنے کا
ہنر مل جائے گا
ابھی گڑیا کو توڑنا ہے
جس کے جڑنے میں
بیس سال لگے تھے
پھر آتش دان کی آگ کو
گل کرنا ہے
جو میں نے
اپنی محرومیاں تاپنے کے لیے
جلائی تھی

کیا کانچ اور راکھ
دفنائے جائیں گے...؟

मुर्दे अपनी कब्र की ज़मीन भी नहीं देखते
देखी थी मैंने ज़िंदगी
एटलस में समुंद्र जैसी
जो इस क़द्र नीला था
जैसा बाद में कभी नहीं देखा
लेकिन यह सब सोचने की मोहलत नहीं
सोचूं तो एक बार फिर
ज़िंदगी बसर करने का हुनर मिल जायेगा
अभी गुड़िया को तोड़ना है
जिसके जुड़ने में बीस साल लगे थे
फिर आतिशदां की आग को
गुल करना है
जो मैंने
अपनी महरूममियां तापने के लिए
जलाई थीं

क्या कांच और राख
दफ़नाए जायेंगे.....?

○

میری آنکھوں میں
خواب ہیں یا اندیشے
تمہیں سوچنا ہوگا!
میرے سامنے
مستقبل ہے یا
مستقبل کی دھند
تمہیں سوچنا ہوگا!
میں نے زندگی گزاری
یا موت بسر کی
تمہیں سوچنا ہوگا!

کیا بال برابر لکیر
کھینچ سکتے ہو؟

○

मेरी आंखों में
ख़्वाब हैं या अन्देशे
तुम्हें सोचना होगा!
मेरे सामने
मुसतक़्बिल हैं या
मुसतक़्बिल की धुंध
तुम्हें सोचना होगा!
मैंने ज़िंदगी गुज़ारी
या मौत बसर की
तुम्हें सोचना होगा!

क्या बाल-बराबर लकीर
खींच सकते हो?

اکیلی

अकेली

○

اگر تمہارے ہزار پیڑوں میں سے
ایک میں بھی ہوتی تو
ایک سال میں
چھ اسپرے، ایک کھاد
اور تمہاری ہزاروں چاہت بھری نظریں
مجھے نصیب ہوتیں اور تب
دل سوگوار نہ ہوتا
میری ہر ٹہنی
تم اپنے ہاتھوں تراشتے

* * *

अगर तुम्हारे हज़ार पेड़ों में से
एक मैं भी होती तो
एक साल में छः स्प्रे, एक खाद
और तुम्हारी हज़ारों चाहत भरी नज़रें
मुझे नसीब होतीं
और तब
दिल सोगवार न होता
मेरी हर टेहनी
तुम अपने हाथों तराशते

میں سنور جاتی
ہوا مجھ میں سانس بھرتی
دھوپ اور بادل
